# जनभागीदारी से बनेगी सटीक जनगणना, पंचायत कर्मियों को मिला प्रशिक्षण

- ग्राम स्तर तक पहुंचेगा स्वजनगणना अभियान, अधिकारियों को दिए गए आवश्यक निर्देश
- डिजिटल जनगणना की ओर बड़ा कदम, गांव-गांव पहुंचेगा स्वजनगणना अभियान



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी के निर्देशन में जिला पंचायत राज अधिकारी नत्थूलाल गंगवार की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में ऑनलाइन स्वजनगणना की प्रक्रिया के संचालन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में ग्राम पंचायत स्तर पर कार्यरत सफाई कर्मियों, सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) तथा पंचायत विभाग से जुड़े कर्मचारियों को स्वजनगणना प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को ऑनलाइन स्वजनगणना पोर्टल एवं मोबाइल एप्लीकेशन के माध्यम से स्वयं गणना की प्रक्रिया, लॉगिन प्रणाली, परिवार विवरण अंकन, दस्तावेज सत्यापन एवं डेटा अपलोड करने संबंधी तकनीकी जानकारी दी गई।

जिला पंचायत राज अधिकारी नत्थू लाल गंगवार ने बताया कि स्वजनगणना अभियान शासन की एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसके माध्यम से नागरिक स्वयं अपने परिवार का विवरण ऑनलाइन दर्ज कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि इससे जनगणना प्रक्रिया अधिक पारदर्शी, सरल एवं समयबद्ध बनेगी तथा आंकड़ों की शुद्धता भी सुनिश्चित होगी। प्रशिक्षण के दौरान अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया गया कि वे ग्राम स्तर पर आमजन को जागरूक करते हुए अधिक से अधिक लोगों को स्वजनगणना प्रक्रिया में सहभागिता के लिए प्रेरित करें। साथ ही तकनीकी समस्याओं के त्वरित समाधान, डेटा की शुद्धता बनाए रखने तथा निर्धारित समयावधि में कार्य पूर्ण करने पर विशेष बल दिया गया। उन्होंने कहा कि डिजिटल जनगणना की दिशा में यह एक बड़ा कदम है और स्वजनगणना अभियान को गांव-गांव तक पहुंच. ाकर अधिक से अधिक लोगों की सहभागिता सुनिश्चित की जाये।

कार्यक्रम में उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने प्रशिक्षण प्राप्त कर स्वजनगणना अभियान को सफल बनाने का संकल्प लिया।

## राज्यसभा सांसद का भाजपा नेता ने स्मृति चिन्ह देकर किया स्वागत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री एवं राज्यसभा सांसद तथा पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के तीन राज्यों के प्रभारी अमरपाल मौर्य का नगर पंचायत मसवासी के निवर्तमान अध्यक्ष एवं भाजपा नेता हरिओम मोर्य ने अपने निवास पर सम्राट अशोक की लाट का स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया तथा अखिल भारतीय मौर्य महासभा के प्रदेश अध्यक्ष यशपाल सिंह मौर्य एडवोकेट ने उन्हें पटका पहनाकर स्वागत किया तथा पार्टी एवं समाज के बारे में विस्तार से चर्चा की गईइस मौके पर पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष मदन लाल मौर्य ,जिला कार्यालय प्रभारी मयंक मौर्य, भाजपा जिला मीडिया प्रभारी संजीव कुमार वर्मा, पवन मौर्य , सुभाष मौर्य आदि शामिल रहे ।

## बाल विवाह के खिलाफ जागरूक हुई बेटियां, सुरक्षा और अधिकारों की दी गई जानकारी



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी के निर्देशन मे जिला प्रोबेशन अधिकारी ईरा आर्या ने जनपद में हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ वूमेन की टीम द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय ज्वाला नगर में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान बालिकाओं को बाल विवाह के दुष्परिणामों एवं इससे संबंधित कानूनी दंड के विषय में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। साथ ही छात्राओं को गुड टच एवं बैड टच के बारे में जागरूक करते हुए अपनी सुरक्षा के प्रति सतर्क रहने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित बच्चों को चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर की जानक. ारी देते हुए किसी भी प्रकार की समस्या अथवा उत्पीड़न की स्थिति में सहायता प्राप्त करने के तरीकों के बारे में समझाया गया।

इसके अतिरिक्त महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, स्पॉन्सरशिप योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना एवं विभिन्न टोल फ्री नंबरों की जानकारी भी छात्राओं एवं उपस्थित लोगों को दी गई। कार्यक्रम में डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर ज्योति शर्मा, जेंडर स्पेशलिस्ट अंजू शर्मा एवं जेंडर स्पेशलिस्ट निदा जैदी सहित विद्यालय परिवार मौजूद रहे ।

## एक साल से खराब पड़ा ट्रांसफॉर्मर, ग्रामीणों में आक्रोश शिकायत के बाद भी नही बदला ट्रांसफार्मर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी।** क्षेत्र के ग्राम भगवंत नगर स्थित राधा स्वामी सत्संग भवन के पास विद्युत विभाग द्वारा लगाया गया ट्रांसफॉर्मर करीब एक वर्ष से खराब पड़ा है। ग्रामीणों का आरोप है कि ट्रांसफॉर्मर लगने के बाद से ही सही ढंग से चालू नहीं हो सका और लगातार खराब स्थिति में बना हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि 100 केवीए का ट्रांसफॉर्मर कई बार शिकायत करने के बावजूद भी नहीं बदला गया है।

इससे क्षेत्र की बिजली व्यवस्था प्रभावित हो कर रह गई है और लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों में विद्युत विभाग के प्रति आक्रोश है।

ग्रामीणों ने विभाग से मांग की है कि खराब ट्रांसफॉर्मर को हटाकर उसकी जगह नया ट्रांसफॉर्मर लगाया जाए, ताकि विद्युत आपूर्ति सुचारु हो सके और भविष्य में किसी बड़ी समस्या का सामना न करना पड़े।

इस दौरान अशोक कंबोज, कमल कंबोज, गोपी कंबोज, गुड्डू सिंह, मेहरबान, आसाराम और हाकम राम समेत अन्य ग्रामीण मौजूद रहे। वहीं अवर अभियंता श्याम सिंह ने बताया की खराब ट्रांसफार्मर की उन्हें जानकारी नहीं थी ग्रामीणों से शिकायत मिली है शीघ्र ही ट्रांसफार्मर को दुरुस्त कर कर चालू कराया जाएगा।

## रामपुर से स्वार के रास्ते सुल्तानपुर पट्टी तक मुख्यमंत्री ग्रामीण सेवा का मंगलवार संचालन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्वार।** शनिवार राज्य सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश सरकार से अनुबंधित बसों का संचालन शुरू किया। यह सेवा मुख्यमंत्री ग्रामीण परिवहन सेवा के अंतर्गत मंगलवार से स्वार के ग्रामीण क्षेत्रों से शुरू होगी जो कि सुल्तानपुर पट्टी, शिकारपुर से शुरू होकर स्वार 9 बजे पहुंचे गी और उधर रामपुर से शाम के 5 बजे चलेंगी इससे क्षेत्र के लोगो को बहुत राहत मिलेगी यह जानकारी बस यूनियन के अध्यक्ष जयदीप सिंह उर्फ सोनू जी ने दी उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री ग्रामीण परिवहन सेवा में 5 बसे लगाई गई है।जो कि प्रति दिन सुबह स्वार से व शाम को रामपुर से वापिस चलेगी।

## धूमधाम से मनाई गई महाराणा प्रताप जयंती



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** विधानसभा 38 मिलक क्षेत्र के ग्राम कूप में महाराणा प्रताप की जयंती बड़े हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों एवं युवाओं ने भाग लेकर महाराणा प्रताप को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर राष्ट्रीय हिंदू वाहिनी संघ के उत्तराखंड प्रदेश प्रभारी अवधेश गंगवार ने कहा कि महाराणा प्रताप भारतीय इतिहास के ऐसे महान योद्धा थे, जिन्होंने मातृभूमि, स्वाभिमान और धर्म की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। उन्होंने कहा कि महाराणा प्रताप का जीवन त्याग, तप, पराक्रम और राष्ट्रभक्ति का अद्वितीय उदाहरण है।

हल्दीघाटी के युद्ध से लेकर संघर्षपूर्ण जीवन तक उन्होंने कभी भी पराधीनता स्वीकार नहीं की। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि महाराणा प्रताप का जीवन आज भी युवाओं को राष्ट्रप्रेम, साहस और आत्मसम्मान की प्रेरणा देता है। उनका बलिदान और शौर्य सदैव देशवासियों के लिए प्रेरणास्रोत बना रहेगा। इस दौरान गोपाल गिरी महाराज, सूरज पटेल, शिवम पटेल, आकाश चौहान, आकाश सिंह, हरजीत सिंह, शानू सिंह, अक्षित सिंह, अमित सिंह, पूर्व प्रधान कुमार पाल सिंह, ताराचंद दिवाकर, राहुल सिंह, विक्रम सिंह चौहान सहित सैकड़ों ग्रामवासी मौजूद रहे।

## भारत और लेबनान हमेशा से अच्छे दोस्त : हादी जाबेर

# रामपुर पहुंचे लेबनान के राजदूत का नूर महल में शानदार स्वागत, रजा लाइब्रेरी का भी दौरा



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** भारत में लेबनान के राजदूत हादी जाबेर ने कहा कि भारत और लेबनान हमेशा से अच्छे दोस्त रहे हैं। इस रिश्ते को और मजबूत बनाने की कोशिश है। भारत में लेबनान के राजदूत हादी जाबेर शनिवार को सपरिवार नूर महल पहुंचने पर पूर्व मंत्री नवाब काजिम अली खां उर्फ नवेद मियां ने सभी का फूल मालाएं पहनाकर परम्परागत रूप से स्वागत किया।

अतिथि देवो भव: की भावना से हुए इस्तकबाल से राजदूत काफी खुश नजर आए। उन्होंने मेहमाननवाजी और शाही दस्तरख्वान के पकवानों की प्रशंसा भी की। नवेद मियां के साथ राजनयिक ने विश्व धरोहर रामपुर रजा लाइब्रेरी का भी दौरा किया।

उन्होंने हामिद मंजिल की भव्यता को सराहा और रामपुर के तत्कालीन शासकों द्वारा इस लाइब्रेरी में मौजूद संग्रह को बेशकीमती करार दिया। रजा लाइब्रेरी के निदेशक डॉ पुष्कर मिश्र ने राजनयिक का स्वागत किया।

उन्हें लाइब्रेरी में अरबी संग्रह के बारे में बताया। कई मुद्रित पुस्तके भी भेंट कीं। राजनयिक ने कहा कि भारत और लेबनान के संबंध 1954 में राजनयिक संबंधों की स्थापना के बाद से ऐतिहासिक और मैत्रीपूर्ण रहे हैं। दोनों देश अच्छे दोस्त हैं। उनका प्रयास है कि भारत और लेबनान का रिश्ता और ज्यादा मजबूत हो। उन्होंने कहा कि रामपुर आकर बहुत अच्छा लगा।

भारत के लोग बहुत अच्छे हैं। इस मौके पर पूर्व सांसद बेगम नूरबानो और पूर्व मंत्री के पीआरओ काशिफ खां भी मौजूद रहे।

**न्यायालय श्रीमान सिविल जज (क.ख.) रामपुर**

प्रकीर्ण वाद सं.-53/2026 श्रीमती जयवंती बनाम-अरविन्द कुमार आदि बनाम – आम जनता।

प्रार्थिनी-श्रीमती जयवंती आयु लगभग 50 वर्ष पत्नी (स्व.) हरपाल सिंह निवासनी विकास नगर, ज्वाला नगर, तहसील सदर, रामपुर (उ.प्र.) ने अपने मृतक पति-हरपाल सिंह पुत्र (स्व.) प्यारे लाल की देय ऋण और प्रतिभूतियों को वसूल करने के लिये भरतीय उत्तराधिकार अधिनियम सन् 1925 के अंतर्गत प्रमाण पत्र की अभिप्राप्ति के लिए आवेदन दिया है। दिनांक 22.05. 2026 को आवेदन की सुनवाई के लिए नियत है।

अत: यह उद्घोषणा निकाली जाती है कि जिस किसी को प्रार्थिनी के आवेदन के सम्बंध में आपत्ति हो, वह दिनांक 22.05. 2026 को समय 10:00 बजे पूर्वान्ह स्वयं अथवा अपने प्रतिनिधि, एजेण्ट, अधिवक्ता आदि के द्वारा न्यायालय में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति पेश करें। उक्त दिनांक के अवसान पर फिर किसी भी प्रकार की आपत्ति न सुनी जायेगी और आवेदन के सम्बंध में यथोचित आदेश पारित होगा।

आज दिनांक 07.05.2026 को इस न्यायालय की मुद्रा सहित जारी किया गया।

**मुंसरिम न्यायालय सिविल जज (क.ख.) रामपुर।**

**न्यायालय श्रीमान सिविल जज (जू.डि.) महोदय, जनपद रामपुर**
**उत्तराधिकार वाद सं.**-59/2026

आशा आयु लगभग 46 वर्ष पत्नी स्व. सत्यपाल नि.-ग्राम सेंटाखेड़ा मझरा हजरतनगर, तहसील-टाण्डा, जिला रामपुर (उ.प्र.)... याचनी/वादनी

बनाम 1. प्रियंका आयु लगभग 35 वर्ष पुत्री स्व. सत्यपाल पत्नी शिशुपाल
2. पूजा आयु लगभग 33 वर्ष पुत्री स्व. सत्यपाल पत्नी संजीव निवासीगण-दभौरा मुस्तहकम कुंद. श्वरी, तहसील-काशीपुर, जिला ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)
3. पूनम आयु लगभग 33 वर्ष पुत्री स्व. सत्यपाल पत्नी सुनील कुमार नि. -ग्राम रसूलपुर सुनवाती, तह. व जिला मुरादाबाद (उ.प्र.)
4. राहुल कुमार आयु लगभग 26 वर्ष पुत्र स्व. सत्यपाल
5. अंशु आयु लगभग 25 वर्ष पुत्री स्व. सत्यपाल
6. बेहसल आयु लगभग 23 वर्ष पुत्र स्व. सत्यपाल निवासीगण-ग्राम सेन्टाखेड़ा मझरा हजरतनगर तहसील-टाण्डा, जिला रामपुर (उ.प्र.)। 7. आम जनता ... प्रतिवादीगण

**सूचना बनाम आम जनता**

चूंकि वादनी आशा उम्र करीब 46 वर्ष पत्नी स्व. सत्यपाल नि.- ग्राम सेंटाखेड़ा मझरा हजरतनगर, तहसील-टाण्डा, जिला रामपुर (उ.प्र.) के द्वारा न्यायालय श्रीमान सिविल जज (जू.डि.) महोदय, जनपद रामपुर में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र प्राप्त करने हेतु उत्तराधिकार अधिनियम 372 सन् 1925 के अन्तर्गत प्रार्थना पत्र इस आशय से प्रस्तुत किया गया कि स्वर्गीय सत्यपाल पुत्र सूखाराम ग्राम सेंटाखेड़ा मझरा हजरतनगर, तहसील-टाण्डा, जिला रामपुर (उ.प्र.) का स्वर्गवास दिनांक-10.12. 2025 को पता-ग्राम सेंटाखेड़ा मझरा हजरतनगर, तहसील-टाण्डा, जिला रामपुर (उ.प्र.) पर हो चुका है उनके नाम पर प्रथमा यूपी ग्रामीण बैंक शाखा सेन्टाखेड़ा, रामपुर के बचत खाता सं.-89251702569256 के खाते में जमा धनराशि 1,09,220/- रू. को प्राप्त करने के लिए उत्तराधिकार प्रमाण पत्र अपेक्षित है। अत: यह इश्तेहार निकाला जाता है कि उपरोक्त प्रार्थना पत्र में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति न्यायालय में दिनांक-29.05.2026 को प्रात: 10:00 बजे प्रस्तुत करे। तारीख गुजरने के बाद फिर किसी की आपत्ति सुनी नहीं जाएगी और न्यायालय का आदेश उचित माना जायेगा। आज दिनांक माह 07.05. 2026 न्यायालय की मुद्रा सहित जारी किया गया। मुंसरिम

**न्यायालय सिविल जज (जू.डि., रामपुर**

**सम्मन वास्ते करादार उमूर तन्कीह तलब**
**न्यायालय सिविल जज (सी.डि.), जिला रामपुर**

नम्बर मुकदमा-334/2025

सौलत अली खाँ बनाम इशरत अली खाँ आदि।

बनाम-1. इशरत अली खां पुत्र स्व. श्री सज्जाद अली खां निवासी हाल घेर मीर बाज खां, टंकी नं.-5, तहसील सदर, जिला रामपुर उ.प्र.
2. श्रीमती वहीदी बेगम (मृतका) पत्नी स्व. श्री सज्जाद अली खां
3. स्वालेहा खातून पुत्री स्व. श्री सज्जाद अली खां निवासीगण घेर मीर बाज खां, टंकी नं.-5, तहसील सदर, जिला रामपुर।
4. शाहिदा खातून पत्नी स्व. श्री रिसालत खां उर्फ गौरे खां पुत्री स्व.श्री सज्जाद अली खां निवासनी ग्राम हौंसपुर नगली, तहसील टाण्डा, जिला रामपुर हाल निवासी घेर मीर बाज खां, टंकी नं.-5 तहसील सदर, जिला रामपुर।
5. आयशा खातून पत्नी श्री नसीब उर रहमान खां पुत्री स्व. श्री सज्जाद अली खां निवासी फयाज गार्डन निकट जुम्मा कालोनी, तहसील सदर, जिला रामपुर।
6. हाजरा खातून पत्नी श्री अबरार अहमद खां पुत्री स्व. श्री सज्जाद अली खां निवासी घेर पीपल वाला, जेल रोड, तहसील सदर, जिला रामपुर।
7. फाकरा खातून पत्नी श्री शुऐब खां पुत्री स्व. श्री सज्जाद अली खां निवासी घेर अलफ खां, निकट पक्का बाग, तहसील सदर, जिला रामपुर प्रतिवादीगण हरगाह वादी ने आपके नाम एक नालिश बावत उद्घोषणा के दायर किया है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि वे बतारीख हस्बजैल का असालतन या मार्फत के जो हालात मुकदमा से करार वाकई वाकिफ किया गया है और जो कुल अहम मुताल्बिक मुकदमा का जवाब दे सके या जिनके पास कोई शख्स हो जो जवाब ऐसे हवालात दे सके, हाजिर हो और जवाब देही दावा भी करे और आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज पेश करे, जिन पर आप बताईद अपनी जवाब देही के इस्तेमाल करना चाहते हों।

आपको इत्तिला दी जाती है कि बरोज मजकूर आप हाजिर न होगें तो मुक. दमा गैर हाजिरी आपका मसमुआ फैसला होगा।

दस्तख्त मेरे और मोहर के आज बतारीख 7 माह 05 सन् 2026 ई. जारी किया गया।

तारीख वास्ते दाखिल करने जवाब एवं तारीख वास्ते मुकर्रर तनकीह - 06. 07.2026

**मुंसरिम सिविल जज (सी.डि.) रामपुर।**

**सम्मन वास्ते करारदार उमूर तन्कीह तलब**
**न्यायालय सिविल जज (सी.डि.) रामपुर।**

नम्बर मुकदमा - 23/2026 मो. अशफाक आदि बनाम असगर अली आदि

बनाम 1- अख्तर अली,2- जुल्फेकार 3- इफ्तेकार पुत्रगण स्व. अशरफ अली हाल निवासीगण मौ. भव्वलपुरी, तहसील टाण्डा, जिला रामपुर।
4- श्रीमती रईसा पुत्री स्व. अशरफ अली पत्नी अफसर अली
6- श्रीमती हसीबा पुत्री स्व. अशरफ अली पत्नी ऐजाज अख्तर हाल निवा. सनीगण मौहल्ला नज्जूपुरा, तहसील टाण्डा, जिला रामपुर।
5- श्रीमती तौसीबा पुत्री स्व. अशरफ अली पत्नी सलीम
7- श्रीमती शबनम पुत्री स्व. अशरफ अली पत्नी तस्लीम हाल निवासीगण मौ. भव्वलपुरी, तहसील टाण्डा, जिला रामपुर।
8- श्रीमती शाकिरा पुत्री स्व. मन्सब अली पत्नी अब्दुल सत्तार निवासी मौ. यूसुफ, तहसील टाण्डा, जिला रामपुर।
9- श्रीमती ताहिरा पुत्री स्व. मन्सब अली पत्नी अब्दुल अजीज हाल निवासी मौ. नज्जूपुरा, तहसील टाण्डा, जिला रामपुर। 10- शफीक अहमद
11- लईक अहमद पुत्रगण स्व. श्रीमती जाकिरा पत्नी लतीफ हाल निवासीगण मौहल्ला यूसुफ, तहसील टाण्डा, जिला रामपुर।
12- श्रीमती शकीला पत्नी हाजी सगीर पुत्री स्व. श्रीमती जाकिरा पत्नी स्व. लतीफ हाल निवासी मौ. हाजीपुरा, तहसील टाण्डा, जिला रामपुर।
13- श्रीमती अकीला पत्नी मो. इस्लाम पुत्री स्व. श्रीमती जाकिरा पत्नी स्व. लतीफ हाल निवासी मौ. भव्वलपुरी, तहसील टाण्डा, जिला रामपुर।
14- श्रीमती कफीला पत्नी मो. सगीर पुत्री स्व. श्रीमती जाकिरा पत्नी स्व. लतीफ हाल निवासी मौ. मोतीनगर, तहसील टाण्डा, जिला रामपुर।
15- श्रीमती रहीला पत्नी मो. अकील पुत्री स्व. श्रीमती जाकिरा पत्नी स्व. लतीफ हाल निवासी मौ. काजीपुरा, तहसील टाण्डा, जिला रामपुर
16- श्रीमती परवीन पत्नी अब्दुल रहमान पुत्री स्व. श्रीमती जाकिरा पत्नी स्व. लतीफ हाल निवासी मौ. मनिहारान, तहसील टाण्डा, जिला रामपुर।
17-मौ. तस्लीम, 18-मौ. सलीम
19-मौ. फईम, 20- मौ. नईम
21- मुकीम
22- इसरार पुत्रगण स्व. श्रीमती राजदा पत्नी अब्दुल अलीम हाल निवासीगण मौहल्ला भव्वलपुरी, तहसील टाण्डा, जिला रामपुर।
23- श्रीमती आसमा पत्नी मो. हबीब पुत्री स्व. श्रीमती राजदा पत्नी स्व. अब्दुल अलीम
24- श्रीमती नाजमा पत्नी मो. नईम पुत्री स्व. श्रीमती राजदा पत्नी स्व. अब्दुल अलीम हाल निवासीगण मौ. मोतीनगर, तहसील टाण्डा, जिला रामपुर।
25- फिरासत अली पुत्र स्व. श्रीमती जाहिदा पत्नी स्व. शराफत हाल निवासी मौ. कच्ची मस्जिद, तहसील टाण्डा, जिला रामपुर।
26- श्रीमती खालदा बेगम पत्नी मो. इफ्तेखार हाल निवासी मौ. सेंटाखेड़ा, तहसील टाण्डा, जिला रामपुर।
27- श्रीमती शाहिदा पत्नी मो.अनवार पुत्री स्व. जाहिदा पत्नी स्व. शराफत हाल निवासी मौ. दायमपुरा, तहसील टाण्डा, जिला रामपुर।
28- श्रीमती हामदा पत्नी मो.अशरफ पुत्री स्व. जाहिदा पत्नी स्व. शराफत हाल निवासी मौ. यूसुफ, तहसील टाण्डा, जिला रामपुर।
29- श्रीमती सालिहा पत्नी नामालूम पुत्री स्व.अब्दुल वहाव पुत्र स्व. हुमैरा पत्नी स्व. अब्दुल वाहिद
30- श्रीमती माहिरा पत्नी नामालूम पुत्री स्व.अब्दुल वहाव पुत्र स्व. हुमैरा पत्नी स्व.अब्दुल वाहिद निवासीगण मौहल्ला हाजीपुरा, तहसील टाण्डा, जिला रामपुर।
31- श्रीमती राहिबा पत्नी नामालूम
32- श्रीमती आयशा पत्नी नामालूम
33- श्रीमती राबिया पत्नी नामालूम पुत्रीगण स्व. साजिदा बेगम पत्नी स्व. अब्दुल रहमान (स्व. साजिदा बेगम की माता हुमैरा)
34- नईम पुत्र स्व. अब्दुल माजिद
35- श्रीमती मुनजरीन पत्नी नामालूम पुत्री स्व. सफिया पत्नी स्व.अब्दुल माजिद (स्व.सफिया की माता स्व. हुमैरा) निवासीगण मौहल्ला हाजीपुरा, कस्बा व तहसील टाण्डा, जिला रामपुर। .... प्रतिवादीगण

हरगाह वादीगण ने आपके नाम एक नालिश बावत स्थायी निषेधाज्ञा के वाद दायर की है, लिहाजा आपको हुक्म होता है कि वे बतारीख हस्बजैल का असालतन या मार्फत के जो हालात मुकदमा से करार वाकई वाकिफ किया गया है और जो कुल अहम मुताल्लिक मुकदमा का जबाव दे सके या जिनके पास कोई शख्स हो जो जबाव ऐसे सवालात के दे सके हाजिर हो और जबावदेही दावा भी करे और आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज पेश करें जिन पर आप वताईद अपनी जबावदेही के इस्तेमाल करना चाहते हो।

आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होगें तो मुकदमा गैर हाजिरी आपका मसमुआ फैसला होगा। दस्तखत मेरे और मोहर के आज बतारीख 06.05.2026 जारी किया गया। तारीख वास्ते दाखिल करने जबाव- 11-05-26 तारीख वास्ते मुकरनी तन्कीह-11-05-26

**मंसरिम - सिविल जज (सि.डि.) रामपुर।**

